# स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन समिति द्वारा आयोजित "सांस्कृतिक कार्यक्रम"

दिल्ली विश्वविद्यालय के श्यामलाल कॉलेज (सांध्य) में 14 अगस्त 2024 को 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व-संध्या पर कॉलेज की स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन समिति ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन ऑफ़ कॉलेज प्रो.बलराम पाणि थे।

मुख्य अतिथि के आगमन पर उनके सम्मान में कैप्टन अनिल वर्मा की अगुवाई में कॉलेज परिसर में उन्हें गार्ड ऑफ़ ऑनर दिया गया। कॉलेज के प्राचार्य जी के साथ कॉलेज के विभिन्न विभागों के अध्यापकों के सान्निध्य में ध्वजारोहण और राष्ट्रगान हुआ। उसके बाद **'एक पेड़ माँ के नाम'** पर्यावरण संरक्षण अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

तदुपरांत कॉलेज के सेमीनार हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रारंभ दीपप्रज्वलन से हुआ। उसके बाद स्वागत सत्र में कॉलेज के प्राचार्य प्रो.नचिकेता सिंह जी ने मंचासीन मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन ऑफ़ कॉलेज प्रो.बलराम पाणि का स्वागत स्मृति चिन्ह,शॉल और पुष्पगुच्छ देकर किया। कॉलेज के गवर्निंग बॉडी की तरफ से आए विशेष आमंत्रित अतिथि केशव राय अरोड़ा जी का स्वागत इतिहास विभाग के प्रो.प्रमोद कुमार जी ने पौधा देकर किया। हिन्दी विभाग के प्रो.अनिल राय जी ने पौधा देकर कॉलेज के प्राचार्य प्रो.नचिकेता सिंह जी का स्वागत किया। राजनीति विज्ञान के प्रो.कुमार प्रशांत जी का स्वागत आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के समन्वयक डॉ.प्रमोद कुमार द्विवेदी ने पौधा देकर किया। हिन्दी विभाग की प्रो.अर्चना उपाध्याय जी ने इस कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. सुमित्रा महरोल जी का स्वागत पौधा देकर किया।

इसके बाद कॉलेज के प्राचार्य प्रो.नचिकेता सिंह जी ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए अपने स्वागत वक्तव्य में कहा कि इतनी व्यस्तता के बावजूद मुख्य अतिथि के रूप में पाणि जी का आना हम सबके लिए उत्साहित करने वाली बात है। स्वतंत्रता केवल बाहरी दिखावे की चीज़ नहीं है,यह मन में अवस्थित भाव है। इसीलिए हमें इसे हमेशा मन से महसूस करना होगा। तभी सही मायने में इस दिन की महत्ता है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को बहुत सीखने को मिलता है। कॉलेज की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाना हमारी प्राथमिकता है। प्राचार्य जी ने इतने कम समय में इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम के कन्वेनर के साथ जुड़े सभी अध्यापकों,नॉन टीचिंग स्टाफ़ के पदाधिकारियों और विद्यार्थियों की प्रशंसा की। इस आयोजन की सफलता इन सभी की सक्रियता का प्रतिफलन है। उन्होंने भविष्य में कॉलेज में ऐसे ही सक्रियता,प्रतिबद्धता और लगन के साथ

आगे होने वाले आयोजनों में एकजुटता का परिचय देकर उन्हें सफल बनाने पर बल दिया। ऐसी एकजुटता कॉलेज के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत जरूरी है।

यूके के हाउस ऑफ लॉर्ड्स के द्वारा प्रतिष्ठित सोल ऑफ इंडिया अवार्ड 2023 और उड़िया रत्न जैसे अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेज प्रो.बलराम पाणि ने बच्चों को इस कार्यक्रम के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस का भाव एक दिन के लिए ही केंद्रीकृत नहीं होना चाहिए। हमें हर रोज़ इस भाव को जाग्रत रखना चाहिए। स्वतंत्रता हर व्यक्ति का अधिकार है। व्यक्ति की स्वतंत्रता सच्चे राष्ट्र निर्माण की नींव होती है। इसलिए इसे सहेजने की बहुत जरूरत है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर महत्त्वपूर्ण पहल करने के लिए सबको प्रेरित करते हुए कहा कि आज पर्यावरण संरक्षण का सवाल सबसे जरूरी सवाल है। इस समस्या को दूर करने का पहला सोपान ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना है।इसलिए आज हमें अपने आसपास पेड़ लगाने का संकल्प जरूर लेना चाहिए।

इस सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्य संयोजकों डॉ. अश्वनी जस्सल जी और कैप्टन अनिल वर्मा जी की उपस्थिति  में अनेक विद्यार्थियों ने देशभक्ति की कविताओं,गीतों,हिन्दी और अंग्रेजी में दिए गए भाषणों,एकल नृत्य,सामूहिक गान और नृत्य के साथ ट्रियो आदि विभिन्न कलाओं का कलात्मक प्रदर्शन करके अपने अंदर छिपी प्रतिभा को प्रदर्शित किया।

कार्यक्रम की संयोजिका प्रो.सुमित्रा महरोल ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का कार्यक्रम बहुत शानदार रहा इसके लिए मैं विशेष रुप से हमारे माननीय मुख्य अतिथि प्रोफेसर बलराम पाणि जी का धन्यवाद करती हूँ। कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जिनके सानिध्य से जीवन को प्रेरणा मिलती है आप जैसे पुरुषार्थी व्यक्तित्व का सानिध्य और आशीर्वाद हमारे अंदर मानवीय मूल्यों को मजबूत करेगा। आपकी गरिमामयी उपस्थित,प्रेरणास्पद व्यक्तित्व और सारगर्भित वक्तव्य से हम सभी समृद्ध एवं लाभान्वित हुए। गवर्निंग बॉडी की तरफ से विशेष आमंत्रित अतिथि  केशव राय अरोड़ा जी का धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि आपने अपने व्यस्त शेड्यूल में से कुछ समय हमारे महाविद्यालय को दिया। समय-समय पर आपका मार्गदर्शन और आशीर्वाद हमारे विद्यार्थियों को और हम सबको मिलता रहता है इसके लिए हम आपके आभारी हैं।

कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर नचिकेता सिंह जी का धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि हमारे कॉलेज में ज्वाइन किए हुए अभी इन्हें चंद ही दिन हुए हैं पर इनकी कार्य शैली,सक्रियता,ऊर्जा न केवल प्रशंसनीय है अपितु यह उन्हीं का प्रोत्साहन और मार्गदर्शन है कि स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर हम सब एकत्रित होकर इस महत्वपूर्ण दिन को सेलिब्रेट कर रहे हैं। आपके नेतृत्व में हमारा कॉलेज अपेक्षाकृत नवीन ऊंचाइयों को छूएगा इसका मुझे पूर्ण विश्वास है।

उन्होंने इस आयोजन में उपस्थित सभी शिक्षकगणों,नॉन -टीचिंग स्टाफ के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ सभी विद्यार्थियों का धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सभी के बिना इस सफल कार्यक्रम की कल्पना नहीं की जा सकती। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ.नीरज कुमार मिश्र ने किया ।